FTS-23586

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
प्लॉट नं0 01, सेक्टर नॉलेज पार्क-4,
ग्रेटर नोएडा

पत्रांक : ग्रेनो / बिल्डर्स / 2021 / 136
दिनांक : 23 मार्च, 2021

सेवामें,

उप महाप्रबन्धक (मार्केटिंग / प्रचार-प्रसार),
ग्रेटर नोएडा

विषयः **प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु अर्ह लाभार्थियों के चयन हेतु प्रचार-प्रसार एवं आवेदन की तिथि बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अर्ह लाभार्थियों के चयन हेतु डिमांड सर्वे का विज्ञापन विभिन्न समाचार पत्रों में दिया जा चुका है, जिसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 17.03.2021 थी । इस योजना के जन जागरण हेतु विशेष अभियान चलाकर व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाना था ।

उपरोक्त सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आवेदन की तिथि दिनांक 17.03.2021 से बढ़ाकर दिनांक 20.04.2021 किये जाने का अनुमोदन प्राप्त हुआ है । अतः आपसे अनुरोध है कि तदानुसार समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने के साथ ही योजना का ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जन जागरण हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का कष्ट करें, जिसमें ऑटो रिक्शा के पीछे बैनर, शहर के मुख्य स्थानों पर बैनर एवं होर्डिंग्स एवं लाउडस्पीकर पर एनाउंस आदि शामिल होंगे।

भवदीय

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

(संतोष कुमार)
विशेष कार्याधिकारी

प्रतिलिपिः-

1. स्टाफ ऑफीसर को मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित ।
2. अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (डी) महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित ।

विशेष कार्याधिकारी